489

उत्तराखण्ड शासन,
गृह अनुभाग–6,
संख्या: 1272 /XX-6/2016–01(05)2010
देहरादून: दिनांक: 27 दिसम्बर, 2016.12.26

अधिसूचना संख्या: 1272 /XX-6/2016–01(05)2010, दिनांक 27 दिसम्बर, 2016 द्वारा प्रख्यापित **"उत्तराखण्ड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी सेवा नियमावली–2016"** की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, रुड़की (हरिद्वार) को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अधिसूचना को असाधारण गजट में मुद्रित कराकर इसकी 150 प्रतियां (हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण) गृह अनुभाग–6 को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।
2. महाधिवक्ता, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल ।
3. सचिव, उत्तराखण्ड, लोक सेवा आयोग, हरिद्वार ।
4. पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
5. पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
6. नियमावली प्रकोष्ठ (कार्मिक विभाग), उत्तराखण्ड शासन ।
7. अधिशासी निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, सचिवालय परिसर, देहरादून ।

संलग्नक: यथोक्त ।

आज्ञा से,

(भूपाल सिंह मनराल)
अपर सचिव ।

DL 2872 Date 28/12/2016

उत्तराखण्ड शासन
गृह अनुभाग–6
संख्या:1872/बीस–6/1(05)2010
देहरादून, दिनांक:27 दिसम्बर, 2016

अधिसूचना

प्रकीर्ण

राज्यपाल, **"भारत का संविधान"** के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग तथा इस विषय के समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करते हुए उत्तराखण्ड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी राजपत्रित सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी सेवा नियमावली–2016

भाग–1 सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. 1. इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड़ राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी सेवा नियमावली, 2016 है।
   2. यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2. उत्तराखण्ड़ राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी सेवा में समूह 'क' व समूह 'ख' पद सम्मिलित है।

परिभाषाएं

3. जब तक कि विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में–

(क) 'नियुक्ति प्राधिकारी' से राज्यपाल अभिप्रेत है।

(ख) 'भारत का नागरिक' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो "भारत का संविधान" के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या भारत का नागरिक समझा जाता है;

(ग) 'आयोग' से लोक सेवा आयोग उत्तराखण्ड़ अभिप्रेत है;

(घ) 'संविधान' से **"भारत का संविधान"** अभिप्रेत है;

(ड.) 'सरकार' से उत्तराखण्ड़ की राज्य सरकार अभिप्रेत है;

(च) 'राज्यपाल' से उत्तराखण्ड़ के राज्यपाल अभिप्रेत है;

(छ) 'सेवा का सदस्य' से इस नियमावली के प्रारम्भ से पूर्व प्रवृत्त इस नियमावली या आदेशों के अधीन मौलिक पद पर नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ज) 'सेवा' से उत्तराखण्ड़, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी सेवा अभिप्रेत है;

(झ) 'मौलिक नियुक्ति' से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमानुसार चयन के पश्चात की गई हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन के पश्चात की गई हो; तथा

(ञ) 'भर्ती का वर्ष' से कलेण्डर वर्ष के जुलाई के प्रथम दिवस से आरम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग 2–संवर्ग

सेवा संवर्ग

4. (1) सेवा में अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी, जो समय–समय पर सरकार द्वारा निर्धारित की जाये।

(2) सेवा में अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या जब तक उपधारा (1) के अधीन पारित आदेशों द्वारा परिवर्तन न किया जाये, उतनी होगी जो **परिशिष्ट–'क'** में दी गई है:

परन्तु यह कि–

(क) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को खाली छोड सकेगें अथवा राज्यपाल किसी पद को इस प्रकार प्रास्थगित कर सकेगें कि कोई व्यक्ति प्रतिपूर्ति का हकदार नही होगा;

(ख) राज्यपाल ऐसे स्थाई अथवा अस्थाई पद सृजित कर सकते हैं, जैसा वे उचित समझें।

भाग 3–भर्ती

भर्ती का स्रोत

5. (1) **निदेशक**– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे संयुक्त निदेशकों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 06 वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो, "श्रेष्ठता" के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

परन्तु यह कि पात्र अभ्यर्थी के उपलब्ध न होने पर समकक्ष पद या वेतनमान पर राज्य सरकार या संघ सरकार के अधीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला में कार्यरत अधिकारी में से सेवा स्थानान्तरण द्वारा।

(2) **संयुक्त निदेशक**– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे उप निदेशकों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 07 वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए "ज्येष्ठता" के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

परन्तु यह कि पात्र अभ्यर्थी के उपलब्ध न होने पर समकक्ष पद या वेतनमान पर राज्य सरकार या संघ सरकार के अधीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला में कार्यरत अधिकारियों में से सेवा स्थानान्तरण द्वारा।

(3) **उप निदेशक** – (3.1) **फिजीकल साईन्सेस (भौतिकी, आग्नेयास्त्र तथा प्रलेख अनुभाग)**– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थाई वैज्ञानिक अधिकारियों में से जो भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान में एम0एस0सी0 या विधि विज्ञान (फॉरेंसिक साईंस) में एम0एस0सी0 तथा स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में भौतिकी या रसायन विज्ञान उत्तीर्ण या कम्प्यूटर साईंस में एमएससी (या एमसीए) उत्तीर्ण हो तथा इस रूप में 07 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए "ज्येष्ठता" के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(3.2) केमिकल साईन्सेस (रसायन, नारकोटिक्स, विष विज्ञान तथा विस्फोटक अनुभाग)– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थाई वैज्ञानिक अधिकारियों में से जो भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान/एनालिटिकल केमिस्ट्री/विष विज्ञान में एम0एस0सी0 या विधि विज्ञान (फॉरेंसिक साईंस) में एम0एस0सी0 तथा केमिस्ट्री में स्पेशिलाईजेशन के साथ स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में रसायन विज्ञान उत्तीर्ण हो तथा इस रूप में 07 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए "ज्येष्ठता" के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(3.3) **बायोलॉजिकल साईन्सेस (जीवविज्ञान, सीरोलॉजी तथा डी0एन0ए0 अनुभाग)**– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थाई वैज्ञानिक अधिकारियों में से जो भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/ह्यूमेन बायोलॉजी/ फिजीकल एन्थ्रोपोलॉजी/ह्यूमेन जेनेटिक्स/ जीव–रसायनविज्ञान/मॉलिक्यूलर बायोलॉजी/माइक्रोबायोलॉजी में एम0एस0सी0 या विधि विज्ञान (फॉरेंसिक साईंस) में एम0एस0सी0 तथा जीव विज्ञान/सीरोलॉजी में स्पेशिलाईजेशन उत्तीर्ण हो, तथा इस रूप में 07 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए "ज्येष्ठता" के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

परन्तु यह कि पात्र अभ्यर्थी के उपलब्ध न होने पर समकक्ष पद या वेतनमान पर राज्य सरकार या संघ सरकार के अधीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला में कार्यरत अधिकारियों में से सेवा स्थानान्तरण द्वारा।

(4) **वैज्ञानिक अधिकारी** – (एक) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (दो) 50 प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थाई ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायकों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को सम्बन्धित विषय में इस रूप में 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए "ज्येष्ठता" के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

आरक्षण

6. उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछडे वर्ग तथा अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत् सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग 4–अर्हता

राष्ट्रीयता

7. सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी–

(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी 1962 के पूर्व भारत आया हो; या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, वर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या, युगाण्डा और यूनाइटेड रिपब्लिक आफ तंजानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो:

परन्तु उपर्युक्त श्रेणी **(क)** और **(ख)** के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो:

परन्तु यह और कि श्रेणी (क) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि यह पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड़ से पात्रता का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें:

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी **(ख)** से सम्बन्धित है तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नही किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष से अधिक अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त लें।

टिप्पणी– ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अन्तिम रुप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

शैक्षणिक अर्हता

8. सेवा में सीधी भर्ती के पदों की नियुक्ति के लिए निम्नलिखित अर्हताऐं होनी चाहिए :–

2	**वैज्ञानिक अधिकारी**	**अनिवार्य अर्हता–** **(1) <u>भौतिकी तथा प्राक्षेपिकी अनुभाग</u>**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान या विधि विज्ञान (फॉरेंसिक साईंस) में एम0एस0सी0 तथा स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में भौतिकी या रसायन विज्ञान उत्तीर्ण **(2)** विधि विज्ञान प्रयोगशाला या संस्थान में कम से कम 05 वर्ष का विश्लेषणात्मक अनुभव। **(2) <u>रसायन, विष विज्ञान, विस्फोटक एवं नारकोटिक्स अनुभाग</u>**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान/एनालिटिकल केमिस्ट्री/विष विज्ञान में एमएससी या विधि विज्ञान (फॉरेंसिक साईंस) में एम0एस0सी0 के साथ केमिस्ट्री में स्पेशिलाईजेशन और स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में रसायन विज्ञान उत्तीर्ण **(2)** विधि विज्ञान प्रयोगशाला या संस्थान में कम से कम 05 वर्ष का विश्लेषणात्मक अनुभव। **(3) <u>जीव विज्ञान अनुभाग एवं डी0एन0ए0 अनुभाग</u>**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/ह्यूमेन बायोलॉजी/फिजीकल एन्थ्रोपोलॉजी/ ह्यूमेन जेनेटिक्स/जीव–रसायन विज्ञान/ माइक्रोबायोलॉजी/मॉलिक्यूलर बायोलॉजी में एमएससी या विधि विज्ञान (फॉरेंसिक साईंस) में एम0एस0सी0 तथा जीवविज्ञान/ सीरोलॉजी में स्पेशिलाईजेशन **(2)** विधि विज्ञान प्रयोगशाला या संस्थान में कम से कम 05 वर्ष का विश्लेषणात्मक अनुभव। **(4) <u>सीरम विज्ञान एवं डी0एन0ए0 अनुभाग</u>**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान /ह्यूमेन बायोलॉजी/ फिजीकल एन्थ्रोपोलॉजी/ह्यूमेन जेनेटिक्स/ जीव–रसायनविज्ञान/माइक्रोबायोलॉजी/मॉलिक्यूलर बायोलॉजी में एमएससी या विधि विज्ञान (फॉरेंसिक साईंस) में एम0एस0सी0 तथा जीवविज्ञान/ सीरोलॉजी में स्पेशिलाईजेशन **(2)** विधि विज्ञान प्रयोगशाला या संस्थान में कम से कम 05 वर्ष का विश्लेषणात्मक अनुभव। **(5)<u>प्रलेख परीक्षण अनुभाग</u>**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान में एमएससी या विधि विज्ञान (फॉरेंसिक साईंस) में एम0एस0सी0 के साथ फोरेन्सिक डाक्यूमेन्टस् में स्पेशिलाईजेशन तथा स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में भौतिक विज्ञान या रसायन विज्ञान उत्तीर्ण **(2)** विधि विज्ञान प्रयोगशाला या संस्थान में कम से कम 05 वर्ष का विश्लेषणात्मक अनुभव।

(6) कम्प्यूटर फॉरेंसिक्स अनुभाग– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से कम्प्यूटर विज्ञान में एम0एस0सी0 अथवा एम0सी0ए0 उत्तीर्ण

(2) विधि विज्ञान प्रयोगशाला या संस्थान में कम से कम 05 वर्ष का विश्लेषणात्मक अनुभव।

अधिमानी अर्हता–

(1) सम्बंधित क्षेत्र में पी0एच0डी0 किया हो।

(2) विधि विज्ञान के सम्बंधित क्षेत्र में परीक्षण कार्य एवं शोध का अनुभव।

अधिमानी अर्हताएं

9. अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामलें में अधिमान दिया जायेगा जिसमें–

(1) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो;

(2) राष्ट्रीय कैडिट कोर का "बी" अथवा "सी" प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

आयु

10. सीधी भर्ती के लिए आयु भर्ती के वर्ष की पहली जुलाई को न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 42 वर्ष, परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जायें, अभ्यर्थियों की स्थिति में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाये:

परन्तु यह और कि नियुक्ति प्राधिकारी, किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में जो पहले से ही किसी राज्य सरकार या संघ सरकार की किसी विधि विज्ञान प्रयोगशाला में सेवारत हो, ऐसी प्रयोगशालाओं में की गई सेवा अवधि के लिए जो अधिकतम पांच वर्ष तक होगी, उच्चतर आयु सीमा शिथिल कर सकते हैं।

चरित्र

11. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवा योजना के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके। नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी: संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्व में या नियन्त्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। किसी ऐसे अपराध के लिए जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित हो, दोषसिद्व व्यक्ति भी पात्र नहीं होगें।

वैवाहिक प्रास्थिति

12. पुरुष, जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हो अथवा ऐसी महिला, जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही जीवित पत्नी हो, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति की पात्र नही होंगे:

परन्तु यह कि यदि सरकार का समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण है, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रर्वतन से मुक्त कर सकेगी।

शारीरिक स्वास्थता

13. किसी भी सीधी भर्ती के अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर तभी नियुक्त किया जायेगा जब मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा हो और वह ऐसे सभी शारीरिक दोष से मुक्त हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना न हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह चिकित्सा परिषद् द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा में सफल पाया जाय।:

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती के मामले में स्वस्थता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही होगी।

भाग 5–भर्ती प्रकिया

रिक्तियों का अवधारण

14. नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की नियम 6 के अधीन उत्तराखण्ड की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या अवधारित करेगा और आयोग को सूचित करेगा।

सीधी भर्ती की प्रकिया

15. (1) सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए विचारार्थ आवेदन–पत्र आयोग द्वारा विहित प्रपत्र में, जो भुगतान किये जाने पर, यदि कोई हो आयोग के सचिव से प्राप्त किया जा सकता है, आमन्त्रित किये जायेंगे।

(2) आयोग नियम 6 के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, साक्षात्कार के लिए उतने अभ्यर्थियों को, जो, अपेक्षित अर्हताएं पूरी करते हों, बुलायेगा जितने वह उचित समझे।

(3) आयोग अभ्यर्थियों को, उनकी प्रवीणता–क्रम में जैसा कि साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त अंकों से प्रकट हो एक सूची तैयार करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर अंक प्राप्त करें तो आयोग उनके नाम सेवा के लिये उनको सामान्य उपयुक्तता के आधार पर योग्यता क्रम में रखेगा। सूची में नामों की संख्या रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु पच्चीस प्रतिशत से अधिक नहीं) होगी। आयोग सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित कर देगा।

लोक सेवा आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रकिया

16. ''वैज्ञानिक अधिकारी'' के पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती समय–समय पर यथा संशोधित उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 2003 के अनुसार अनुपयुक्त को छोड़ते हुए ज्येष्ठता के आधार पर की जायेगी।

लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर के पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रकिया

17. (1). (क)''निदेशक'' के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती विभागीय चयन समिति के माध्यम से की जाएगी, जिसमें निम्नलिखित होंगे–

(1) मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन –अध्यक्ष
(2) प्रमुख सचिव/सचिव, कर्मिक विभाग –सदस्य
(3) प्रमुख सचिव/सचिव, गृह विभाग –सदस्य

(ख)''संयुक्त निदेशक'' तथा ''उप निदेशक'' के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से की जायेगी, जिसका गठन निम्न प्रकार से किया जाएगा।

(1) प्रमुख सचिव/सचिव, गृह विभाग, उत्तराखण्ड शासन –अध्यक्ष।
(2) प्रमुख सचिव/सचिव, कर्मिक विभाग, उत्तराखण्ड शासन या उनके द्वारा निर्दिष्ट कोई अधिकारी जो संयुक्त सचिव, उत्तराखण्ड शासन से निम्न स्तर का न हो, –सदस्य
(3) विभागाध्यक्ष –सदस्य

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की पात्रता सूची समय–समय पर यथासंशोधित उत्तराखण्ड (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता सूची नियमावली,2003 के अनुसार तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे संबंधित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ जो उचित समझें जाएं, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(3) चयन समिति उप नियम 17(2)में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) चयन समिति चयन किये गये अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता–क्रम में एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

संयुक्त चयन सूची

18. यदि नियुक्ति सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जानी हो, तो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जायेगी जिसमें अभ्यर्थियों के नाम नियम 15 और 16 के अधीन तैयार की गयी सूचियों से बारी–बारी से इस प्रकार लिये जायेंगे कि सीधी भर्ती किये गये और पदोन्नति किये गये व्यक्तियों का विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम नियम 16 के अधीन तैयार की गयी सूची से होगा।

भाग 6–नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण एवं ज्येष्ठता

नियुक्ति

19. (1) उप नियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उस कम में लेकर जिसमें वे नियम 15,16 अथवा 17 यथास्थिति के अधीन बनायी गयी सूचियों में हो, नियुक्ति करेगा।

(2) यदि किसी चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति का आदेश जारी किया जाता है तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें चयनित व्यक्तियों के नाम का उल्लेख चयन में अवधारित ज्येष्ठता के आधार या उस कम में, यथास्थिति, जिस कम में उनका नाम उस संवर्ग में है, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है, किया जायेगा।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी अस्थायी रूप से भी उप नियम (1) के अधीन तैयार की गई सूची में नियुक्ति कर सकता है। यदि सूची में कोई अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो वह इन नियमों के अधीन पात्र अभ्यर्थियों में से ऐसी रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति कर सकता है। ऐसी नियुक्ति उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अनुमोदन से एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए या इन नियमों के अधीन अगले चयन के बाद तक, इनमें जो भी पहले हो, से अधिक समय के लिए नहीं की जायेगी।

परिवीक्षा

20(1). (1) सेवा में किसी भी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति को 02 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा में रखा जाएगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी पृथक–पृथक मामले में परिवीक्षा का दिनांक विनिर्दिष्ट करते हुए जब तक अवधि बढाई गयी है, अवधि बढा सकता है। जिसके कारण अभिलिखित करने होंगे:

परन्तु यह कि आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नही बढाई जायेगी।

(3) यदि नियुक्ति प्राधिकारी को प्रतीत होता है कि परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी समय या परिवीक्षा अवधि की समाप्ति अथवा परिवीक्षा की बढाई गयी अवधि में किसी परिवीक्षाधीन द्वारा अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नही किया गया है या अन्यथा समाधान प्रदान करने में असफल रहा है तो उसे उसके मूल पद पर, यदि कोई है, प्रत्यावर्तित किया जा सकेगा या यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार नही है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी।

(4) ऐसे परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसे उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित कर दिया गया हो या जिसकी सेवाएं समाप्त कर दी है, किसी प्रतिकार का हकदार नही होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी परिवीक्षा अवधि की संगणना के प्रयोजन हेतु उस निरन्तर सेवा को गिने जाने की अनुमति दे सकेगा, जो उस विशिष्ट संवर्ग में शामिल किये पद पर या किसी समान अथवा उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थाई रुप में प्रदान की गयी हो।

परिवीक्षा जहां आवश्यक न हो

20(2). किसी व्यक्ति को परिवीक्षा पर रखना आवश्यक न होगा यदि उसे उसी संवर्ग के किसी पद पर, जहां भर्ती का स्रोत केवल प्रान्नति ही हो, विहित प्रकिया का पालन किये जाने के पश्चात् नियमित आधार पर पदोन्नत किया गया है।

स्थायीकरण

21. किसी व्यक्ति को उसकी नियुक्ति में उसकी परिवीक्षा अवधि या बढाई गयी परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर स्थायी किया जा सकेगा; यदि उसने--

(क) विहित विभागीय परीक्षा, यदि कोई है, उत्तीर्ण कर ली हो;
(ख) विहित प्रशिक्षण, यदि कोई है, सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया हो;
(ग) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया गया हो;
(घ) उसकी सत्यनिष्ठा अधिप्रमाणित है; तथा
(ङ) नियुक्ति प्राधिकारी का समाधान हो गया है कि वह स्थायीकरण हेतु अन्यथा योग्य है।

ज्येष्ठता

22. (1) किसी व्यक्ति की ज्येष्ठता उत्तराखंड सरकारी सेवक (ज्येष्ठता निर्धारित) नियमावली, 2002 के अनुसार अवधारित की जायेगी। यदि दो या उससे अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किये जाते हैं तो उनकी ज्येष्ठता उस क्रम में निर्धारित की जायेगी जिसमें उनके नाम उसकी नियुक्ति आदेश में क्रमांकित किये जाते है:

परन्तु यह कि यदि नियुक्ति आदेश में कोई पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाता है, जिससे कोई व्यक्ति मूल रुप से नियुक्त किया जाता है तो वह दिनांक उसकी मौलिक नियुक्ति आदेश का दिनांक माना जायेगा तथा अन्य मामले में इसे आदेश जारी किये जाने का दिनांक माना जायेगा।

परन्तु यह कि यदि किसी चयन के सम्बंध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जाएं तो ज्येष्ठता वही होगी जो नियम 19 के उप नियम (3) के अधीन जारी किये गये नियुक्ति के संयुक्त आदेश में उल्लिखित हो।

(2) किसी एक चयन के परिणाम के आधार पर सीधे नियुक्त किये गये व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो आयोग या चयन समिति द्वारा अवधारित की गयी हो;

परन्तु सीधी भर्ती किया गया कोई अभ्यर्थी अपनी ज्येष्ठता खो सकता है, यदि किसी रिक्त पद का उसे प्रस्ताव किये जाने पर वह युक्तियुक्त कारणों के बिना कार्य–भार ग्रहण करने में विफल रहे। कारण की युक्तियुक्तता के सम्बंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा।

(3) पदोन्नति द्वारा नियुक्त किये गये व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी, जो उनके संवर्ग में थी, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है।

(4) जहां नियुक्तियां पदोन्नति और सीधी भर्ती दोनों प्रकार से या किसी एक स्रोत से की जाएं और स्रोतों का पृथक–पृथक कोटा विहित हो, वहां परस्पर ज्येष्ठता नियम 19 के अनुसार तैयार की गयी सूची के नामों को चकीय क्रम में इस प्रकार क्रमांकित कर अवधारित की जायेगी कि विहित प्रतिशत बना रहे;

परन्तु उपबन्ध यह है कि–

(1) जहां किसी स्रोत से नियुक्तियां विहित कोटे से कम की जाती है, और ऐसे रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्तियां अनुवर्ती वर्ष या वर्षों में, जिनमें कोटे के अनुसार रिक्तियां हों, नीचे कर दी जायेगी।

(2) जहां किसी स्रोत से नियुक्तियां विहित कोटे से कम की जाती हैं, और ऐसे रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्तियां अनुवर्ती वर्ष या वर्षों में की जाती हैं, वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों की किसी पूर्ववर्ती वर्ष से ज्येष्ठता नहीं मिलेगी, बल्कि उन्हें उस वर्ष की ज्येष्ठता मिलेगी जिस वर्ष उनकी नियुक्ति की गयी। यद्यपि उस वर्ष की संयुक्त सूची में उनका नाम(इस नियम के अधीन तैयार की जाने वाली सूची) चकीय क्रम में अन्य नियुक्त व्यक्तियों के नाम से सबसे ऊपर रखा जायेगा।

(3) जहां नियमों व विहित प्रकिया के अनुसार किसी स्रोत से भरी जाने वाली रिक्तियां, सुसंगत नियम या प्रकिया में उल्लिखित परिस्थयों में किसी अन्य स्रोत से भरी जाए, और इस प्रकार कोटे से अधिक नियुक्तियां की जाएं वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों को उसी वर्ष की ज्येष्ठता दी जायेगी मानों इन्हें उनके कोटे की रिक्तियों के विरूद्ध ही नियुक्त किया गया हो।

वेतनमान

23. (1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्यिों को अनुज्ञेय वेतनमान वह होगा, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।
(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय प्रवृत्त **परिशिष्ट 'क'** में दिया गया है।

परिवीक्षा के दौरान वेतन

24. **(1)** मूल नियमों में किसी प्रतिकूल प्राविधान के होते हुए भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति यदि स्थायी सरकारी सेवा में नही है, जो उसे एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने, विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने और प्रशिक्षण प्राप्त करने पर, जहां विहित हो, समयमान में पृथक वेतन वृद्धि की अनुमति प्रदान की जायेगी तथा दूसरी वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् परिवीक्षा अवधि पूर्ण किये जाने तथा स्थायी किये जाने पर दी जायेगी;

परन्तु उपबन्ध यह है कि यदि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढाई जाती है तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे, ऐसी बढाई गयी अवधि वेतन वृद्धि के लिए नही गिनी जायेगी।

(2) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो सरकार के अधीन पहले से ही पद धारण कर रहा है संगत मूल नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा;

परन्तु यह कि यदि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढाई जाती है तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे ऐसी बढाई गयी अवधि वेतन वृद्धि के लिए नही गिनी जायेगी।

(3) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो पहले से ही स्थायी सरकारी सेवा में हैं, राज्य के कार्यों से सम्बन्धित सामान्य सेवारत् सेवकों पर लागू संगत नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

भाग 7 – अन्य प्राविधान

अधियाचन

25. किसी पद या सेवा पर लागू नियमावली के अधीन अपेक्षित संस्तुति पर विचार नही किया जायेगा। अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के अयोग्य कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन

26. ऐसे विषयों के सम्बन्ध में, जो इन नियमों या विशेष आदेशों के अन्तर्गत नही आते सेवा में नियुक्त ऐसे व्यक्ति राज्य के कार्यों से सम्बन्धित सेवारत् सरकारी सेवकों पर साधारणतः लागू विनियमों और आदेशों द्वारा विनियमित होंगें।

सेवा शर्तों का शिथिलीकरण

27. यदि राज्य सरकार का समाधान हो जाये कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्ते विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशेष मामले में अनुचित कठिनाई हो सकती है तो वे इस मामले में लागू नियमावली में किसी बात के होते हुए भी आदेश द्वारा इस सीमा तक तथा ऐसी शर्तो के अधीन इस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्त कर देंगी या शिथिल कर देगी जो वह मामले के सम्बन्ध में न्यायोचित तथा साम्यतापूर्वक कार्यवाही करने के लिए उचित समझें:

परन्तु उपबन्ध यह है कि जहां कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया है, वहां नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्त करने या शिथिल करने से पूर्व आयोग से परामर्श करना होगा।

व्यावृत्ति

28. इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नही पडेगा, जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जतियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्ग तथा अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए उपबंधित किया जाना अपेक्षित हो।

आज्ञा से,

(डॉ0 उमाकान्त पंवार)
प्रमुख सचिव, गृह।

परिशिष्ट–'क'

नियमावली में उल्लिखित पद गृह अनुभाग–6 के शासनादेश संख्या 938/बीस–6/01(03)2007 दिनांक सितम्बर 04, 2015 द्वारा स्वीकृत हैं।

{नियम 4 का उपनियम (2) तथा नियम 23 का खण्ड उप नियम (2) देखिए}

क्र0 सं0	पद नाम	वेतनमान (रू0 में)	ग्रेड पे (रू0 में)	कुल पदों की संख्या
1	*2*	*4*	*5*	*6*
1.	निदेशक	PB-4 (37400-67000)	8700	01
2.	संयुक्त निदेशक	PB-3 (15600-39100)	7600	02
3.	उप निदेशक	PB-3 (15600-39100)	6600	05
4.	वैज्ञानिक अधिकारी	PB-3 (15600-39100)	5400	16

*****

आज्ञा से,

(डॉ0 उमाकान्त पंवार)
प्रमुख सचिव,गृह।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of **"the Constitution of India"** the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification No 1872 /XX-6/01(05)2010, Dehradun,dated....27.....2016 for general information.

Government of Uttarakhand

Home Section-6

No.1872 /XX-6/01(05)2010

Dehradun, Dated- 27 2016

NOTIFICATION

MISCELLANEOUS

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the **'constitution of India** 'and in supersession of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulating recruitment and conditions of service of persons appointed to the Uttarakhand State Forensic Science Laboratory Technical Officers Gazetted Service .

The Uttarakhand State Forensic Science Laboratory Technical Officers Service Rules, 2016

PART 1 – GENERAL

Short title and Commencement

1. (1) These Rules may be called "The Uttarakhand State Forensic Science Laboratory Technical Officers Service Rules 2016".

(2) They shall come into force at once.

Status of the Service

2. (1) The Uttarakhand Government State Forensic Science Laboratory Technical Officers. Service is Comprising Group A and B posts.

Definitions

3. In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or content, in this service rule-

(a) **'Appointing Authority'** means the Governor.

(b) **'Citizen of India'** means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part –two of the "Constitution of India";

(c) **'Commission'** means "Public Service Commission Uttarakhand;"

(d) **'Constitution'** means the "Constitution of India;"

(e) **'Government'** means the State Government of Uttarakhand;

(f) **'Governor'** means the Governor of Uttarakhand;

(g) **'Member of the service'** means a person substantively appointed under these rules or orders in force prior to the commencement of these rules to a post in the cadre of the Service;

(h) **'Service'** means the Uttarakhand State Forensic Science Laboratory Technical Officers Service.

(i) **'Substantive appointment'** means an appointment, not being an ad hoc appointment, on a post in the cadre of the service and made after selection in accordance with the rules and, if there were no rules, in accordance, with the procedure prescribed for the time being by executive instruction issued by the government; and

